GRAVITA

**GRAVITA INDIA LTD.**
Corp. Office : 402, Gravita Tower, A-27 B, Shanti Path,
Tilak Nagar, JAIPUR-302 004, Rajasthan (INDIA)
Phone : +91-141- 2623266, 2622697 FAX : +91-141-2621491
E-mail : info@gravitaindia.com Web. : www.gravitaindia.com
CIN : L29308RJ1992PLC006870

**Date: 21st May, 2019**

**GIL/2019-20/017**

To

| | |
|---|---|
| The BSE Ltd.<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai – 400 001<br>Fax No.: 022 22722041<br>Ref: Company Code: 533282 | The Listing Department<br>The National stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange Plaza, C-1, Block-G,<br>Bandra - Kurla Complex, Bandra (E)<br>Mumbai- 400 051<br>Fax No.: 022-26598237/38<br>Ref: Company Code: GRAVITA |

**Sub: Submission of copy of Newspaper Advertisement in respect of Notice of Board Meeting.**

Dear Sir/Madam,

In compliance of Regulation 47(3) of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclosed herewith copy of the Notice published in newspapers [The Financial Express (English) and Nafa Nuksan (Hindi)] regarding meeting of Board of Directors of the company is scheduled to be held on Tuesday 28th May, 2019 inter-alia to consider and discuss the audited Financial Statements for the Quarter/Year ended 31st March, 2019 and consideration and recommendation of Final Dividend, if any, for the Financial Year 2018-19 subject to approval of shareholder at the upcoming Annual General Meeting.

Yours Faithfully
For **Gravita India Limited**

Nitin Gupta

**Nitin Gupta**
**Company Secretary**
**FCS: 9984**

**Encl.: As above**

## y Industries Ltd.

:7111UP1988PLC009594
I. Office: Pawan Puri,
Ghaziabad (U.P.) -201206
: www.sybly.com
Hmail.com, Ph: 01232-281785

**NOTICE**

by given that pursuant 47 of the SEBI (Listing s and Disclosure Regulations, 2015, a Board of Directors of the e held on Thursday, 30th its registered office to approve the Audited s for the quarter and year rch, 2019 among other

said Notice and the cial Results shall also at the Company's .sybly.com and the he Stock Exchange eindia.com.

**By the order of the Board**
**For Sybly Industries Ltd.**
**Sd/- (Nishant Mittal)**
**Managing Director**
**(DIN : 02766556)**

## CS TECHNOLOGIES LIMITED

9UP2016PLC084473
ice: Pawan Puri,
, Distt. Ghaziabad
h-201206 (India)
01232-261288
icubatrics@gmail.com
eincubatrics.com

**NOTICE**

given that pursuant to of the SEBI (Listing Disclosure Requirements) 5, a meeting of the Board Company will be held on y, 2019 at its registered and approve the Audited for the quarter and year arch, 2019 among other

said Notice and the l Results shall also be e Company's website batrics.com and the Stock Exchange BSE: om.

**By the order of the Board**
**rics Technologies Limited**
**Sd/-**
**(Nishant Mittal)**
**r Managing Director**
**Din-02766556**

INC - 26
le 30 of The Companies ation) Rules, 2014]
CENTRAL GOVERNMENT
IONAL DIRECTOR,
HERN REGION
CORPORATE AFFAIRS,
EW DELHI

The Companies Act, 2013, Companies Act, 2013 and -rule (5) of Rule 30 of the orporation) Rules, 2014
AND
CMG Financial Services "the Company") having its A-46, Okhla Industrial Area, hi 110020
..... Applicant

## IO SYSTEM LIMITED

**Regd. Office:** Global Knowledge Park, Plot No.19A & 19B, Sector-125, NOIDA-201 301 (U.P.)
**CIN:** L65921UP1987PLC008764
**E-mail:** iosystemltd@gmail.com

**NOTICE**

In terms of provisions of Regulation 47(1)(a) read with Regulation 29 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, ("LODR Regulations"), NOTICE is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Thursday, 30th May, 2019** *inter alia* to consider, approve and take on record the Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2019, pursuant to the Regulation 33 of LODR Regulations.

The audited results of the Company, once approved by the Board, shall be available on the website of the Company at www.iosystem.co.in and the BSE website www.bseindia.com

for **IO System Limited**
Sd/-
**(Arun Seth)**
Director
DIN: 00007895

Place: Noida
Date: 20.05.2019

## RIBA TEXTILES LIMITED

**DD-14, Nehru Enclave, Opp. Kalkaji Post Office, New Delhi - 110019**
**CIN : L18101DL1989PLC034528**
**Tel.: +91-26213012 / 26236986**
**Fax.: +91-26465227**

**NOTICE**

Notice is hereby given that Pursuant to provision of regulations 29 read with regulation 47 of the SEBI (Listing obligations and disclosure requirements) regulations 2015, Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Tuesday, 28th May, 2019 at 02.00 p.m. at Kishore House, Assandh Road, Panipat-132103, Haryana to consider, approve and take on record the Audited Financial results along with Audit Report of the Statutory Auditor, for the Quarter and Financial Year ended on March 31, 2019.

The Company has already closed its 'Trading Window' under SEBI (Prohibition of insider Trading) Regulations, 2015, including all amendments thereof, and the insider Trading code of the company of Riba Textiles Limited" from 3rd April' 2019 and it will open after the end of 48 hours after the results are made public on 28th May 2019.

The said notice is also available on the Company's Website www.ribatextiles.com and the website of Stock Exchange- BSE Ltd. www.bseindia.com.

**For Riba Textiles Limited**
Sd/-
**(Neha Dubey)**
**Company Secretary**
**M. No.: A46655**

**Place : New Delhi**
**Date : 20.05.2019**

## NISHANT INBUILD LIMITED

**CIN: L74899DL2006PLC145669**
**Regd. Off.: Shop No. 33, First Floor, Kishan Ganj Market, Old Rohtak Road, Delhi-110007**
**Email ID: inbuildnishant@gmail.com; Tel: 09999841041**

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, Notice is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Thursday, the 30th May, 2019 at 5.30 P.M. at the Regd. Office of the Company, at Shop No. 33, First Floor, Kishan Ganj Market, Old Rohtak Road, Delhi - 110007, inter-alia to consider and take on record the company's Audited Financial Results for the Quarter and year ended 31st March, 2019.

**For Nishant Inbuild Limited**
**Sd/-**
**RAMAN KUMAR**
**Company Secretary/Compliance Office**

**Date : 20.05.2019**
**Place : Delhi**

## K M SUGAR MILLS LIMITED

Regd. Office: 11-Moti Bhavan, Collector Ganj, Kanpur-208001(U.P.)
Corp. Office: 76-Eldeco Green, Gomti Nagar, Lucknow-2260101(U.P.)
CIN No. : L15421UP1971PLC003492, Mail id:- kmsugar@gmail.com , cs@kmsugar.com
Phone -Regd. Office .0512-2310762, Corp. Office: 0522-4079561

### NOTICE FOR BOARD MEETING

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29, 33 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015, a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday, the 29th day of May, 2019 at 12.00 hrs (noon) at Hotel Hyatt Regency, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226001 Uttar Pradesh 226010,inter-alia to consider and approve the Audited Financial Results of the Company for the quarter/year 31st March,2019.

Further, pursuant to SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations,2015, Trading Window shall remain closed for the Directors, Promoters, Officers and designated employees of the Company from 22nd May, 2019 to 31st May 2019 for dealing in the securities of the Company.

The said notice may be assessed on the Company's website at www.kmsugar.com and also on Stock Exchanges website at www.bse.india.com and www.nseindia.com Including Audited quarterly/yearly financial results after approval by the Board.

By order of the Board
For K. M. Sugar Mills Ltd.
Pooja Dua
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Lucknow
Dated: 20.05.2019

## GRAVITA INDIA LIMITED

**Regd. & Works Office:** 'SAURABH', Chittora Road, Harsulia Mod, Diggi-Malpura Road, Teh.: Phagi, Jaipur – 303 904
**CIN : L29308RJ1992PLC006870**

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 47 (1) (a) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015 that a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Tuesday, 28th May, 2019** at corporate office of the company inter alia, to consider and take on record the Audited Financial Statements of the Company for the Quarter/Year ended 31st March, 2019 and consideration and recommendation of Final Dividend, if any, for the Financial Year 2018-19, subject to approval of shareholder at the upcoming Annual General Meeting.

The further details related to above mentioned intimations are also available on Company's website **www.gravitaindia.com** and on website of Stock Exchanges i.e. NSE- **www.nseindia.com** and BSE- **www.bseindia.com.**

**By order of the Board**
**sd/-**
**Nitin Gupta**
**(Company Secretary)**
**FCS : 9984**

**Place** : Jaipur
**Dated** : 20th May, 2019

## ANDHRA BANK

Scanned by CamScanner

## गोवा सरकार बिजली नेटवर्क को उन्नत बनाने के लिये 1,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी

**पणजी/पीटीआई।** गोवा सरकार ने 1,000 करोड़ रुपये की लागत से बिजली पारेषण और वितरण नेटवर्क को उन्नत बनाने का निर्णय किया है। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि इस कार्य के लिये प्रशासनिक मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है और लोकसभा चुनाव को लेकर जारी आचार संहिता वापस लिये जाने के साथ निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उसने कहा, ''बिजली संबंधी बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के इस कार्य की लागत करीब 1,000 करोड़ रुपये है और यह दो साल के भीतर पूरा होगा। अधिकारी ने कहा कि इस पहल का मकसद बिजली पारेषण और वितरण नुकसान को मौजूदा 18 प्रतिशत से 5 से 7 प्रतिशत के स्तर पर लाना है।

## अप्रैल में सोने का आयात 54 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली/पीटीआई।** देश का सोने का आयात अप्रैल में 54 प्रतिशत बढ़कर 3.97 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे व्यापार घाटा बढ़ा है जिससे चालू खाते के घाटे (कैड) को लेकर चिंता की स्थिति बनी है। अप्रैल, 2018 में सोने का आयात 2.58 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सोने का आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा अप्रैल में पांच माह के उच्चस्तर 15.33 अरब डॉलर पर पहुंच गया। बीते वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में देश का चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.5 प्रतिशत पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 2.1 प्रतिशत था। कैड विदेशी मुद्रा की निकासी और प्रवाह का अंतर होता है। फरवरी में सोने का आयात घटा था, उसके बाद इसने दो अंकीय वृद्धि दर्ज करनी शुरू की। मार्च में यह 31 प्रतिशत बढ़कर 3.27 अरब डॉलर रहा। भारत सोने का सबसे बड़ा आयातक है। आयात से मुख्य रूप से देश के आभूषण उद्योग की मांग को पूरा किया जाता है।

## सरकार की एमसीए 21 पोर्टल में कृत्रिम मेधा को शामिल करने की योजना

**नयी दिल्ली/पीटीआई।** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की एमसीए 21 पोर्टल में कृत्रिम मेधा शामिल करने की योजना है। ऐसा कर के मंत्रालय नियमों के अनुपालन को और अधिक सरल बनाना तथा नियमों का सामान्य प्रवर्तन निरंतर स्वचालित आधार पर करना चाहता है। एमसीए 21 एक इलेक्ट्रॉनिक माध्यम है। कंपनियों के बारे में सभी सूचनाएं इसी पोर्टल के माध्यम से सरकार के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। इसके जरिए मंत्रालय विनियामकों, कंपनियों और निवेशकों सहित सभी पक्षों तक सूचना का प्रसार करता है। कॉरपोरेट मामलों के सचिव इंजेती श्रीनिवास ने कहा कि पोर्टल का तीसरा संस्करण लगभग एक साल में लागू किया जाएगा। इस दौरान एमसीए 21 में कृत्रिम मेधा को शामिल करने की मंत्रालय की कोशिश होगी। इसके जरिए सभी फॉर्मों को युक्तिसंगत बनाने एवं डेटाबेस को आपस में जोड़ने की योजना है ताकि प्रवर्तन गतिविधियां स्वत: आधार पर किसी समय में जारी रह सकें।

### अग्रिम निर्णय अपीलीय प्राधिकरण की राष्ट्रीय पीठ के गठन पर

# अगले महीने विचार करेगी जीएसटी परिषद

**नयी दिल्ली/पीटीआई**

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद अगले महीने अग्रिम निर्णय अपीलीय प्राधिकरण (एएएआर) की राष्ट्रीय पीठ के गठन के प्रस्ताव पर विचार कर सकती है। इस कदम का मकसद विभिन्न राज्यों में एएआर द्वारा एक जैसे मामलों पर जारी विरोधाभासी फैसलों में सामंजस्य स्थापित करना है।

सूत्रों ने बताया कि राजस्व विभाग एएएआर की राष्ट्रीय पीठ के विचार पर गौर कर रहा है। उसका मानना है कि मौजूदा रूप में एएआर व्यवस्था करदाताओं को जीएसटी के तहत निश्चिंतता उपलब्ध नहीं करा पा रही है। एक अधिकारी ने कहा, ''दूसरा एएएआर गठन करने का विचार बना है। यह राष्ट्रीय पीठ होगी जो राज्यों के एएआर द्वारा दिए गए विरोधाभासी फैसलों में सामंजस्य बैठाने का काम करेगा।'' विभिन्न राज्यों के एएआर ने अभी तक 470 आदेश पारित किए हैं। वहीं एएएआर ने मार्च, 2019 तक 69 आदेश पारित किए हैं। राज्यों के एएआर द्वारा पारित आदेशों में करीब दस मामलों में विरोधाभास है। हालांकि, कुछेक मामलों पर बाद में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने स्पष्टीकरण दिया है। अधिकारी ने कहा कि दूसरा अपीलीय प्राधिकरण स्थापित करने के लिए जीएसटी कानून में संशोधन करना होगा। यह कानून अपने मौजूदा रूप में केंद्रीयकृत प्राधिकरण की अनुमति नहीं देता। एएएआर की राष्ट्रीय पीठ के गठन से जीएसटी व्यवस्था में एक निश्चिंतता लाने में मदद मिलेगी। एएआर के विरोधाभासी फैसलों से उद्योग किसी कारोबारी निर्णय के लिए कर प्रभाव को तय नहीं कर पाता है। अधिकारी ने कहा कि राज्यों की सहमति के बाद ही एएएआर की राष्ट्रीय पीठ की रूपरेखा तय की जा सकेगी। विरोधाभासी फैसलों से पैदा हुई असमंजस की स्थिति को दूर करने के लिए राजस्व विभाग ने पिछले साल अग्रिम निर्णय के लिए केंद्रीयकृत अपीलीय प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव किया था जिससे इस तरह के मामलों में एकरूपता लाई जा सको। केंद्रीय वित्त मंत्री की अगुवाई वाली जीएसटी परिषद ने जुलाई, 2018 में हुई अपनी बैठक में इस प्रस्ताव पर विचार करना था लेकिन उस समय परिषद इसको लेकर किसी निर्णय पर नहीं पहुंच सकी थी। जीएसटी कानून के तहत प्रत्येक राज्य को एएआर की स्थापना करना जरूरी है। इसमें एक सदस्य केंद्रीय कर विभाग का और एक संबंधित राज्य का होता है।

## वित्तीय क्षेत्र में महिलाओं के साथ सौतेला व्यवहार

**लंदन/पीटीआई।** ब्रिटेन के धनाढ्य हिंदुजा परिवार से जुड़ी ब्रिटिश-भारतीय महिला बैंक प्रमुख ने वित्तीय दुनिया में महिलाओं के प्रति होने वाले सौतेले व्यवहार की आलोचना की है। स्विट्जरलैंड मुख्यालय वाले हिंदुजा बैंक की चेयरपर्सन शानू हिंदुजा ने कहा कि 'पितृसत्तात्मक' व्यवस्था में महिला उद्यमियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। प्राय: उन्हें उनके उद्यमों के लिये कर्ज उपलब्ध कराने से मना कर दिया जाता है। एस पी हिंदुजा की बेटी तथा जीपी हिंदुजा की भतीजी 55 वर्षीय शानू उन गिनी-चुनी महिलाओं में शमिल हैं जिनके हाथ में यूरोप में किसी बड़े वित्तीय संस्थान की बागडोर है। पिछले सप्ताह धनवानों की सूची में ये दोनों हिंदुजा भाई 22 अरब पौंड की अनुमानित संपत्ति के साथ पहले पायदान पर रहे। बैंक की प्रमुख के रूप में मैंने भी कई बार महिलाओं के साथ बैंक क्षेत्र में सौतेला व्यवहार देखा है। वैश्विक वित्तीय प्रणाली के सभी स्तरों पर हमारा प्रतिनिधित्व कम है।

## एक्जिट पोल पर उद्योग जगत की चुप्पी, नतीजों का इंतजार

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** भारतीय उद्योग जगत ने सोमवार को एक्जिट पोल पर चुप्पी साधते हुए कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। रविवार को आए तमाम एक्जिट पोल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरा कार्यकाल मिलते हुए दिखाया गया है। चुनाव नतीजे 23 मई को आने हैं।

इस बारे में प्रमुख उद्योग मंडलों फिक्की, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) तथा एसोचैम ने कोई टिप्पणी करने से इनकार किया। महिंद्रा समूह के मुख्य अर्थशास्त्री सच्चिदानंद शुक्ला के एक ट्वीट कि इस सप्ताह क्या करना है, समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने जवाब देते हुए कहा, ''इस सप्ताह हमारी निगाह सिर्फ एक चीज पर है।'' उनका इशारा 23 मई के चुनाव नतीजों की ओर था।'' उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष राजीव तलवार ने कहा, ''भारत में सभी को मतदाताओं के जनादेश का सम्मान करना चाहिए। यदि मतदाताओं को लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरा कार्यकाल मिलना चाहिए तो यह किसी अन्य विचार की तुलना में सबसे अच्छा होगा।'' उन्होंने कहा कि जब भी भारतीय मतदाता को लगा है तो उसने सरकार बदली है। उन्होंने अपनी सोच के आधार पर ही किसी को दूसरा कार्यकाल भी दिया है। ऐसे में यदि संभवत- मोदी को दूसरा कार्यकाल मिलता है तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा होगा। आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने कहा कि एक बात निश्चित है कि अगले प्रधानमंत्री का नाम 'एन' से शुरू होगा। ब्रोकरेज कंपनी एडलवाइस सिक्योरिटीज ने कहा कि यदि राजग स्पष्ट बहुमत के साथ आती है तो बाजार में उत्साह रहेगा और नीति में निरंतरता कायम रहेगी। कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि यदि चुनाव नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहते हैं तो 23 मई के बाद हम बाजार में कुछ अवधि के लिए तेजी देख सकते हैं।

## भारत को आरसीईपी में शामिल 11 सदस्य देशों के साथ व्यापार घाटा

**नयी दिल्ली/पीटीआई।** भारत को 2018-19 में क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) वार्ता में शामिल 16 सदस्य देशों में से चीन, दक्षिण कोरिया तथा आस्ट्रेलिया सहित 11 के साथ व्यापार घाटे की स्थिति है। आरसीईपी वार्ता समूह में आसियान समूह के 10 देश (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमा, सिंगापुर, थाईलैंड, फिलीपीन, लाओस तथा वियतनाम) तथा उसके छह एफटीए भागीदार..भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। इनके बीच नवंबर 2012 से वृहत व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। अस्थायी व्यापार आंकड़े के अनुसार 2018-19 में इससे पूर्व वित्त वर्ष के मुकाबले भारत का व्यापार घाटा तीन देशों ब्रुनेई, जापान और मलेशिया...के साथ मामूली रूप से बढ़ा है। ब्रुनेई, जापान और मलेशिया के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर क्रमश: 0.5 अरब डालर, 7.1 अरब डालर तथा 3.8 अरब डालर रहा। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2017-18 में यह क्रमश- 0.4 अरब डालर, 6.2 अरब डालर तथा 3.3 अरब डालर था। हालांकि आस्ट्रेलिया, चीन, इंडोनेशिया, कोरिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड के साथ घाटा 2018-19 में इससे पूर्व वित्त वर्ष के मुकाबले कम हुआ है। आस्ट्रेलिया, चीन, इंडोनेशिया, कोरिया, न्यूजीलैंड तथा थाईलैंड के साथ 2018-19 में व्यापार घाटा कम होकर क्रमश: 8.9 अरब डालर, 50.2 अरब डालर, 10.1 अरब डालर, 11 अरब डालर, 0.2 अरब डालर तथा 2.7 अरब डालर रहा। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2017-18 में यह क्रमश- 10 अरब डालर, 63 अरब डालर, 12.5 अरब डालर, 11.9 अरब डालर, 0.3 अरब डालर तथा 3.5 अरब डालर था। दिलचस्प यह है कि सिंगापुर के साथ 2017-18 में व्यापार अधिशेष (2.7 अरब डालर) था जो 2018-19 में घटकर 5.3 अरब डालर पर आ गया। वहीं आलोच्य वित्त वर्ष में कंबोडिया (0.1 अरब डालर), म्यांमा (0.7 अरब डालर) तथा फिलीपीन (एक अरब डालर) के साथ भारत की व्यापार अधिशेष की स्थिति रही। भारत ने पिछले वित्त वर्ष में लाओस के साथ व्यापार नहीं किया। इस बारे में विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है।

## एडिबल व नॉन एडिबल ऑयल इंडस्ट्री में उपयोग आने वाली कमोडिटीज का प्राइस ट्रेंड



COMPARATIVE RATE AS REGISTERED AS ON
17TH MAY, 2019; A WEEK BEFORE ; A MONTH & ONE YEAR BEFORE

| | 17TH MAY'19 | CHANGE % | 10TH MAY'19 | CHANGE % | 17TH APR'19 | CHANGE % | AVERAGE MAY'18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **I. OILSEEDS (Rs./M.T) Ex-Mandi** | | | | | | | |
| 1. Groundnut seed Kernel (Saurashtra) Crushing Quality | 50,000 | 1.01 | 49,500 | 2.04 | 49,000 | 18.27 | 42,277 |
| 2. Soyabean seed (Indore) | 38,000 | 0.00 | 38,000 | 2.70 | 37,000 | 1.84 | 37,315 |
| 3. Rape/Mustard seed (Rajasthan) | 39,800 | 1.79 | 39,100 | 3.11 | 38,600 | -0.05 | 39,821 |
| 4. Sunflower seed (Karn./Mah.) | 44,500 | 3.49 | 43,000 | 3.49 | 43,000 | 11.25 | 40,000 |
| 5. Castorseed (Gujarat) | 57,150 | 0.53 | 56,850 | -- | NQ | 42.26 | 40,173 |
| 6. Sesameseed(white 98/2)(Saurashtra) | 117,000 | -2.50 | 120,000 | -3.31 | 121,000 | 41.84 | 82,485 |
| **II. OILCAKES (Rs./ M.T.) O & A /S & S** | | | | | | | |
| 1. Groundnut Exp. cake (Guj) 50/2.5 | 27,500 | 0.00 | 27,500 | 0.00 | 27,500 | 9.48 | 25,119 |
| 2. Sunflowerseed Exp. cake(Mah/Karn)25/2.5 | 26,500 | 1.92 | 26,000 | -1.12 | 26,800 | 21.54 | 21,804 |
| 3. Rapeseed Exp cake (Rajasthan) 40/2.5 | 18,400 | 2.22 | 18,000 | 2.22 | 18,000 | 0.82 | 18,250 |
| **III. RICE BRAN (Rs./M.T.)** | | | | | | | |
| 1. Rice Bran Raw (16/5/8) Punjab | 24,000 | 6.67 | 22,500 | 4.35 | 23,000 | 50.98 | 15,896 |
| **IV. EXTRACTIONS** | | | | | | | |
| **(A) LOCAL EX-MILL (Rs./MT) O & A/S & S** | | | | | | | |
| 1. Groundnut Ext. (Ex-Saurashtra) 45/2.5 | 24,500 | -0.81 | 24,700 | -2.00 | 25,000 | 18.18 | 20,731 |
| 2. Rice Bran Ext. (Ex-Punjab) 16/5/8 | 15,300 | 2.00 | 15,000 | 10.87 | 13,800 | 102.25 | 7,565 |
| 3. Kardi Ext.(Ex Maharashtra) 20/2.5 | NQ | | NQ | | NQ | | NQ |
| 4. Soya Ext.( Ex Indore) 48/2.5 | 32,000 | 1.59 | 31,500 | 5.04 | 33,700 | 4.11 | 30,738 |
| 5. Rapeseed Ext.(Ex-Rajasthan) 38/2.5 | 14,800 | 2.07 | 14,500 | 4.23 | 14,200 | -0.16 | 14,823 |
| 6. Sunflowerseed Ext.(Ex-Mah/Karn) 30/2.5 | 24,000 | 2.13 | 23,500 | -4.00 | 25,000 | 22.23 | 19,635 |
| 7. Cottonseed Ext. (Ex-Guntur) 38/16 O & A & Fibre | 25,500 | 0.00 | 25,500 | -1.92 | 26,000 | 59.64 | 15,973 |
| **(B) EXPORT (FAS) (US$ / MT)** | | | | | | | |
| 1. Soyabean Ext(Bulk)Yellow (Ex-Kandla)48/2.5 | 450 | 0.00 | 450 | -3.23 | 465 | -3.64 | 467 |
| 2. Rapeseed Ext. (Bulk) (Ex-Kandla)38/2.5 | 220 | 0.00 | 220 | 0.00 | 220 | -7.56 | 238 |
| 3. Groundnut Ext.(Bulk) (Ex-Mundra) 45/2.5 | NQ | -- | NQ | -- | NQ | -- | NQ |
| 4. Castormeal Ext. (Bulk)(Ex Kandla) | 100 | 3.09 | 97 | | NQ | 56.25 | 64 |
| 5. Rice Bran Ext. (Bulk)(Ex-Kolkata) 16/3.5 | 195 | 0.00 | 195 | 8.33 | 180 | -- | NQ |
| **(C) EXPORT (FOR) Ports (Rs./MT)** | | | | | | | |
| 1. Soyabean Ext.(Bulk)Yellow(Ex-Kandla) 48/2.5 | 34,000 | 1.49 | 33,500 | 0.00 | 34,000 | 5.33 | 32,279 |
| 2. Rapeseed Ext. (Bulk) (Ex-Kandla)38/2.5 | 15,200 | 1.33 | 15,000 | 0.66 | 15,100 | -1.71 | 15,465 |
| 3. Groundnut Ext.(Bulk) (Ex-Mundra) 45/2.5 | NQ | -- | NQ | -- | NQ | -- | NQ |
| 4. Castormeal(Bulk) (Ex-Kandla) | 6,800 | 4.62 | 6,500 | -- | NQ | 59.47 | 4,264 |
| **V. INTERNATIONAL OILS(US$/M.T)** | | | | | | | |
| 1. RBD Palmolein FOB Malaysia/Indonesia | 525 | 2.94 | 510 | -3.67 | 545 | -17.84 | 639 |
| 2. (a) RBD Palmolein C&F Mumbai (Indonesia) | 545 | 2.83 | 530 | -3.02 | 562 | -17.55 | 661 |
| 2. (b) RBD Palmolein C&F Mumbai(Malaysia) | 550 | 2.80 | 535 | -3.85 | 572 | -- | NQ |
| 3. Crude Palm Oil(CPO) FOB Indonesia | 477 | 2.58 | 465 | -6.84 | 512 | -23.56 | 624 |
| 4. Crude Palm Oil(CPO)C&F Mumbai | 510 | 4.08 | 490 | 4.67 | 535 | 21.78 | 652 |
| 5. Soya Degum Oil(Crude) CIF Mumbai | 721 | 3.89 | 694 | 4.34 | 691 | -6.49 | 771 |
| 6. Sunflower Oil (Crude) CIF Mumbai | 750 | 3.45 | 725 | 3.88 | 722 | -6.95 | 806 |
| 7. Castor Oil (First Grade) FOB Kandla (Export) | 1,705 | 0.59 | 1,695 | -- | NQ | 36.29 | 1,251 |
| 8. Rapeseed Oil (Canola Oil ) C&F Mumbai | 750 | 1.35 | 740 | 2.04 | 735 | -7.64 | 812 |
| **VI. LOCAL RATE FOR DOMESTIC & IMPORTED OILS (Rs./M.T.)** | | | | | | | |
| (a) Local Oils (Expeller) (Rs./MT) | | | | | | | |
| 1. Groundnut Oil | 104,000 | 4.00 | 100,000 | 8.33 | 96,000 | 24.58 | 83,481 |
| 2. Rapeseed Oil | 78,000 | 4.00 | 75,000 | 4.00 | 75,000 | 0.92 | 77,288 |
| 3. Sunflower Oil | 73,000 | 2.82 | 71,000 | 4.29 | 70,000 | 3.48 | 70,547 |
| 4. Kardi Oil | NQ | -- | NQ | -- | NQ | -- | NQ |
| 5. Linseed Oil | 85,500 | 0.59 | 85,000 | 1.79 | 84,000 | 8.10 | 79,096 |
| 6. Sesame Oil | 240,000 | 2.04 | 245,000 | 2.04 | 245,000 | 49.35 | 160,692 |
| 7. Washed Cottonseed Oil | 74,500 | 1.36 | 73,500 | 1.36 | 73,500 | 0.00 | 74,500 |
| 8. Castor Oil (Comm) | 120,000 | 3.18 | 116,300 | -- | NQ | 42.27 | 84,346 |
| 9. Mahua Oil | | -- | NQ | -- | NQ | -- | NQ |
| 10. Karanja Oil | 74,500 | -0.67 | 75,000 | -10.24 | 83,000 | 5.44 | 70,654 |
| **(b) Imported Oils (Rs./M.T.)** | | | | | | | |
| 1. RBD Palmolein | 60,500 | 1.68 | 59,500 | -1.63 | 61,500 | -16.40 | 72,365 |
| 2. Crude Degummed Soybean Oil (Ex-Mumbai) | 72,000 | 4.35 | 69,000 | 2.86 | 70,000 | 1.14 | 71,185 |
| 3. Crude Palm Oil (5%) (Ex Kandla) | 52,500 | 0.57 | 52,200 | 2.23 | 53,700 | 19.79 | 65,450 |
| **VII. SOLVENT EXTRACTED OILS (Rs./MT.)** | | | | | | | |
| 1. SE Soyabean Oil (Indore) | 73,000 | 2.10 | 71,500 | 2.82 | 71,000 | 0.91 | 72,342 |
| 2. SE R.B. Oil (RG-I) | 64,000 | 0.00 | 64,000 | 0.00 | 64,000 | -4.48 | 67,000 |
| 3. SE R.B. Oil RG II (Industrial) | 61,000 | 0.00 | 61,000 | 0.00 | 61,000 | 6.87 | 65,500 |
| 4. SE Neem Oil | 120,000 | 0.00 | 120,000 | 0.00 | 120,000 | 0.00 | 120,000 |
| **VIII. REFINED OIL (Excl.ST) (Rs./MT)** | | | | | | | |
| 1. SE Refined Cottonseed Oil | 76,800 | 4.49 | 73,500 | 2.40 | 75,000 | 0.29 | 76,577 |
| 2. SE Refined Rapeseed Oil | NQ | | NQ | | NQ | | NQ |
| 3. Refined Soyabean Oil | 75,000 | 3.16 | 72,700 | 2.74 | 73,000 | 1.32 | 76,000 |
| 4. Refined Rice Bran Oil (Punjab) | 72,000 | 1.12 | 71,200 | -0.69 | 72,500 | -7.20 | 77,588 |
| 5. Refined Sunflowerseed Oil | 77,500 | 1.97 | 76,000 | 1.71 | 76,200 | 1.89 | 76,212 |
| 6. Refined Groundnut Oil | 108,000 | 2.86 | 105,000 | 13.68 | 95,000 | 21.40 | 88,962 |
| **IX. NON EDIBLE OILS** | | | | | | | |
| 1. P.F.A.D.- FOB Malaysia US$/MT | 415 | -1.19 | 420 | -9.78 | 460 | -18.15 | 507 |
| 2. P.F.A.D.- CIF Kandla US$/MT | 450 | -1.10 | 455 | -8.16 | 490 | -16.36 | 538 |
| 3. P.F.A.D.- Ex-Factory Kandla Rs./Tons | 34,000 | -4.23 | 35,500 | -2.86 | 35,000 | -18.38 | 41,659 |
| 4. Crude Palm Kernel Oil(5%)FOB Indonesia US$/MT | 620 | 0.00 | 620 | -1.59 | 630 | -38.06 | 1,001 |
| 5. Crude Palm Kernel Oil (1.75 FFA)&F US$ /MT C&F | 650 | 0.00 | 650 | -1.52 | 660 | -39.20 | 1,069 |
| 6. Refined Palm Sterin (MUM/Kandla) Rs./Tons | 40,000 | 0.00 | 40,000 | 0.00 | 40,000 | -17.87 | 48,705 |

Note: Rates are excluding VAT & Octroi unless specified

*Source : The Solvent Extractors Association Of India*

## चीन का अमेरिका को सुझाव, लंबे समय तक नुकसान पहुंचाने वाले कदम मत उठाइए

**बीजिंग/पीटीआई।** चीन के शीर्ष राजनयिक वांग यी ने अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ से कहा है कि उन्हें चीन के हितों को ' नुकसान पहचाने वाले कदमों ' के साथ ''ज्याद आगे नहीं बढ़ना चाहिए।''

चीनी नेता ने कहा कि आपसी सहयोग से दोनों देशों के हक में है जबकि विवाद से दोनों को नुकसान ही होगा। चीन के स्टेट काउंसलर और विदेश मंत्री वांग ने शनिवार को पोम्पिओ से टेलिफोन पर बातचीत की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी कंपनियों को विदेशों में बने दूरसंचार उपकरणों के इस्तेमाल से प्रतिबंधित करने के कुछ दिन बाद दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत हुई। ऐसा समझा जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन की प्रमुख कंपनी हुआवेई को प्रतिबंधित करने के लिए यह कदम उठाया है। बीजिंग ने ट्रंप के इस आदेश के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी थी। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते शुल्क एवं अन्य मुद्दों को लेकर व्यापारिक मोर्चे पर तनातनी देखने को मिल रही है।

पृष्ठ एक से जारी...

### अगली...

गया उन्हें और तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। सेंसेक्स की तेजी में योगदान करने वाले शेयरों में स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एण्ड टुब्रो, यस बैंक, एचडीएफसी, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, मारुति सुजूकी, ओएनजीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक में 8.64 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई।इसके विपरीत बजाज आटो और इन्फोसिस में नुकसान रहा। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसफ थॉमस ने कहा, ''एक्जिट पोल में मौजूदा सरकार के फिर से सत्ता में लौटने की संभावना व्यक्त किये जाने के बाद घरेलू शेयर बाजार में सभी कारोबारी क्षेत्रों में अप्रत्याशित तेजी का रुख देखा गया।'' उन्होंने कहा कि तेजी के इस रुख को बरकरार रखने के लिये नई सरकार से निर्णायक नीतिगत पहल की उम्मीद की जाती है। भूमि और श्रम सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत है। इसके साथ ही बैंक प्रणाली में मजबूती लाने और उसके पुनर्गठन का जो अधूरा काम रह गया है उसे जल्द से जल्द पूरा करना होगा। इस बीच बाजार में भारी तेजी को देखते हुये पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बाजार में अपने निगरानी तंत्र को अधिक चाक- चौबंद कर दिया है ताकि बाजार में किसी भी तरह की साठगांठ वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

### छोटे...

(एनपीओपी) और भागीदारी गारंटी प्रणाली (पीजीएस) भारत के प्रमाणन के साथ की जा सकती थी। अपने ताजा आदेश में एफएसएसएआई ने कहा कि छोटे उत्पादकों सहित जैविक खाद्य व्यवसाय परिचालकों द्वारा कानून के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों के बारे में कई ज्ञापनों की जाँच करने के बाद उक्त मानदंडों में ढील दी गई है। इसमें कहा गया है, हमारी प्रमुख चुनौतियों में से एक यह है कि देश में बड़ी संख्या में निर्माता और निर्माता संगठन हैं, जो प्रमाणन की दो में से किसी भी प्रणाली के तहत प्रमाणित नहीं हैं। मौजूदा समय में पीजीएस-इंडिया के सरलीकरण के लिए प्रयास चल रहे हैं ताकि इसे छोटे उत्पादक के अनुकूल बनाया जा सके। नियामक ने कहा कि छोटे उत्पादकों में विश्वास पैदा करने के लिए इन नियमों को %अनुकूल नियमों% के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि अप्रैल 2020 तक इसके कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण के दौरान इन नियमों का उपयोग उत्पादकों विशेषकरछोटे मूल उत्पादकों और निर्माता संगठनों को दंडित करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।'' एफएसएसएआई ने कहा कि छोटे उत्पादकों और एग्रीगेटरों के कारोबार आकार के लिए स्व-प्रमाणन को स्वीकार किया जाएगा। हालांकि, राज्य खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को से नियमों के अनुसार दूषित और कीटनाशक अवशेषों की सीमा का पालन किए जाने की निगरानी करने के लिए कहा गया है। उन्हें इस प्रावधान के किसी भी तरह के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए भी कहा गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय शेयर बाजार सूचकांक

| Name | Last Trade | Change (%) |
|---|---|---|
| SGX NIFTY | 11,849.50 | -0.13 |
| NIKKEI 225 | 21,301.73 | 0.24 |
| STRAITS TIMES | - | - |
| HANG SENG | 27,787.61 | -0.57 |
| TAIWAN WEIGHTED | 10,398.41 | 0.14 |
| KOSPI | 2,055.71 | -6.64 |
| Dow Jones | - | - |
| Nasdaq | - | - |
| S&P | - | - |
| DAX* | 12077.05 | - 1.32 |
| CAC 40* | 5366.20 | - 1.32 |
| FTSE 100* | 7290.48 | - 0.79 |

*(*यह आंकड़े शाम 06:00 बजे तक के हैं)*

कार्यालय नगर निगम, जयपुर
[illegible]
क्रमांक: एफ ( ) [illegible] /2019/19 दिनांक: 20.05.2019
सार्वजनिक सूचना
[illegible]

GRAVITA INDIA LIMITED
पंजीकृत कार्यालय : [illegible]
CIN : [illegible]
सूचना
[illegible] सेबी (सूचीबद्धता अनिवार्यता एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के नियम 47(1) (ए) के अनुसरण में सूचित किया जाता है कि कम्पनी के 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही/वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार [illegible] मंगलवार, 28 मई, 2019 को आयोजित की जायेगी।
उपर्युक्त सूचना से संबंधित अन्य विवरण कम्पनी की वेबसाइट www.gravitaindia.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् NSL www.nseindia.com एवं BSL - www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।
निदेशक मण्डल की आज्ञा से
सही/-
नितिन गुप्ता
(कम्पनी सचिव)
स्थान : जयपुर
दिनांक : 20 मई, 2019

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा
क्रमांक : [illegible]/1062 दिनांक :- 17-05-2019
:- सार्वजनिक सूचना -:
एतद् द्वारा श्री प्रेम कुमार [illegible] पिता श्री [illegible] को न्यास की योजना पटेल नगर में आवास गृह संख्या 10-ओ-19 साईज 20×49 दिनांक 04/03/2010 को आवंटन /नीलामी/ नियमन द्वारा विक्रय किया गया है।
[illegible]
प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(A State Government Enterprise Constitued Under RHB Act 1970)
क्रमांक : 146 :- जाहिर आम सूचना -: दिनांक 20-05-2019
[illegible]
आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड भीलवाड़ा